दिन– सोमवार                                                  दिनांक– 29 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                   अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए आज अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू। इस चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों में चुनाव होंगे।

02. लोकसभा चुनाव के दौरान तीसरे और चौथे चरण के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज झंझारपुर और बेगूसराय में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

03. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में नाम वापसी का आज अंतिम दिन।

04. और, प्रदेश के अधिकांश इलाके भीषण गर्मी और लू की चपेट में। मौसम विभाग ने औरंगाबाद, दरभंगा, मोतिहारी, शेखपुरा, और खगड़िया समेत आठ जिलों में लू को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इस चरण में बिहार समेत छह राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की सत्तावन लोकसभा सीटों पर चुनाव होंगे। इसके तहत राज्य में वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज समेत आठ संसदीय क्षेत्रों में मतदान होना है। उम्मीदवारों के लिए नामांकन जमा करने की आखिरी तारीख छह मई है। नामांकन की जांच सात तारीख को होगी और उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख नौ मई है। मतदान पच्चीस मई को होगा। मतगणना चार जून को होगी।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के दौरान तीसरे और चौथे चरण के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है। एनडीए और महागठबंधन के नेता अपने–अपने उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभाएं और रोड शो करने के साथ ही जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज झंझारपुर और बेगूसराय में दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे। श्री शाह झंझारपुर लोकससभा संसदीय क्षेत्र के लौकहा के नरहैया में पहली जनसभा करेंगे।

जनता दल यूनाइटेड के प्रमुख सह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। श्री शाह बेगूसराय के जी.डी. कॉलेज मैदान में भाजपा उम्मीदवार गिरिराज सिंह के पक्ष में दूसरी जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी आज विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में कई जनसभाओं को संबोधित करेंगे। श्री कुमार अररिया के रानीगंज, मधेपुरा के आलमनगर और खगड़िया के बेलदौर में एनडीए गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री इसके अलावा शिवहर लोकसभा क्षेत्र के ढाका में जदयू प्रत्याशी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव और वीआईपी के प्रमुख मुकेश सहनी आज सारण, खगड़िया और वैशाली में चुनाव प्रचार करेंगे। इधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार मई को दरभंगा में जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री मोदी दरभंगा संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार गोपालजी ठाकुर के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। चुनाव की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री का यह चौथा बिहार दौरा होगा।

———————————————————

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में नाम वापसी का आज अंतिम दिन है। इन संसदीय क्षेत्रों में चौरासी उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किये थे। इनमें से छप्पन उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाये गये हैं, जबकि अट्ठाईस उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों को रद्द कर दिया गया है। इस चरण के तहत मतदान तेरह मई को होगा।

———————————————————

मतदान के दिन मतदाताओं को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इनमें से मतदाता को यह पता चलना कि उसका वोट पहले ही किसी और ने डाल दिया है। हालांकि ऐसा बहुत कम होता है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि लोगों को ऐसी स्थिति में क्या करना चाहिए और टेंडर वोट क्या है।

———बाईट———

कल्पना कीजिए कि आप एक मतदान केंद्र में प्रवेश कर रहे हैं, उत्साहित हैं और नागरिक कर्तव्य से भरे हुए हैं और आपको सूचित किया जाता है कि किसी ने पहले ही आपके नाम पर मतदान कर दिया है। आप क्या करेंगे? चुनाव आचरण नियम 1961 की धारा 49 पी के अनुसार यदि कोई मतदाता, मतदान केंद्र पर स्वयं उपस्थित होता है और पाता है कि किसी अन्य व्यक्ति ने पहले ही उसके नाम पर मतदान कर दिया है तो वह मतदान केंद्र पर संपर्क कर सकता है और अपनी परेशानी बता सकता है। ऐसे व्यक्ति को अपनी पहचान के बारे में पीठासीन अधिकारी के प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर देने के बाद ही मतदान करने की अनुमति दी जाती है। व्यक्ति को वोटिंग मशीन की बजाय केवल टेंडर किए गए मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की अनुमति है। ऐसे वोट को टेंडर्ड वोट कहा जाता है। आकाशवाणी समाचार, दिल्ली के लिए दुर्गेश भदोरिया।

———————————————————————————

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात बेगूसराय लोकसभा सीट की। बेगूसराय बिहार के उन पांच संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों में से एक है, जहां चौथे चरण में तेरह मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

कभी बिहार के लेनिनग्राद के रूप में मशहूर रहे बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र का राजनीतिक परिदृश्य अब काफी बदल चुका है। वर्ष दो हजार चौदह से इस सीट पर भाजपा का कब्जा है। वर्ष दो हजार चौदह में यहां से भाजपा के भोला सिंह को जीत मिली थी। वहीं, पिछले लोकसभा चुनाव से इस सीट पर भाजपा के गिरिराज सिंह को विजय मिली थी। श्री सिंह अभी केन्द्रीय मंत्रिमंडल में भी शामिल हैं। भाजपा ने एक बार फिर गिरिराज सिंह पर भरोसा जताते हुये उन्हें चुनावी मैदान में उतारा है। उनके सामने हैं – इंडी गठबंधन से सीपीआई के अवधेश कुमार राय। श्री राय जिले के बछवाड़ा विधानसभा क्षेत्र का तीन बार प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। मुख्य मुकाबला भी इन्हीं दोनों प्रत्याशियों के बीच माना जा रहा है। भौगोलिक दृष्टिकोण से देखे तो बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत सात विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से दो विधानसभा क्षेत्रों पर सीपीआई, दो पर राजद, एक पर जदयू और दो पर भाजपा का कब्जा है। तेघड़ा और बखरी विधानसभा सीट पर सीपीआई और चेरियाबरियारपुर तथा साहेबपुर कमाल सीट पर राजद के विधायक हैं। वहीं, बछवाड़ा और बेगूसराय विधानसभा क्षेत्र पर भाजपा और मटिहानी पर जदयू का कब्जा है। बिहार की औद्योगिक राजधानी के रूप में जाने जाने वाले बेगूसराय में विकास आज भी प्रमुख चुनावी मुद्दा है। भाजपा प्रत्याशी गिरिराज सिंह केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को लेकर आम लोगों के बीच जा रहे हैं। वे लोगों के बीच मोदी की गारंटी की बात करते हैं। वहीं, इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश कुमार राय महंगाई और बेरोजगारी के साथ–साथ क्षेत्र के पिछड़ेपन को लेकर वोटरों को गोलबंद करने में जुटे हैं। साथ ही श्री राय गिरिराज सिंह को बाहरी बताकर स्थानीय बनाम बाहरी का नारा भी बुलंद कर रहे हैं। यह देखना काफी दिलचस्प होगा कि गिरिराज सिंह इस सीट से लगातार दूसरी बार जीत हासिल करने में सफल होते हैं या फिर जनता किसी नये चेहरे पर अपना विश्वास जताती है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेगूसराय से मैं विजय कुमार झा।

———————————————————————————

प्रदेश में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए विभिन्न जिलों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। इसके तहत अरवल जिले में भी नुक्कड़ नाटक और रैलियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाताओं को विभिन्न माध्यमों से जागरूक करने के साथ ही वोटर इनफॉरमेशन स्लिप के माध्यम से मतदान केन्द्रों की जानकारी दी जा रही है।

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकांश इलाके भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। मौसम विभाग ने आज औरंगाबाद, दरभंगा, मोतिहारी, शेखपुरा, जमुई, बांका, गोपलागंज और खगड़िया जिले में कुछ स्थानों पर लू को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, शेष स्थानों पर गर्म दिवस को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अनुसार आगामी दो मई तक भीषण गर्मी से राहत के आसार नहीं है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान दक्षिण बिहार के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान बयालीस डिग्री से चौवालीस डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैंतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखुपरा प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, गोपालगंज, जिरादेई और मधुबनी में अधिकतम तापमान तैंतालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रहा। इस अवधि में भागलपुर में भीषण उष्ण लहर की स्थिति रही। इधर, आपदा प्रबंधन विभाग ने भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए लोगों से अत्यधिक सतर्कता बरतने की अपील की है। विभाग ने लोगों से दोपहर बारह से तीन बजे के बीच घर से बाहर नहीं जाने की अपील की है। वहीं, चिकित्सकों ने गर्मी से बचाव के लिए सूती और हल्के रंग के ढीले—ढाले कपड़े पहनने का परामर्श दिया है। इस दौरान लोगों से लगातार पानी और स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ का सेवन करने की अपील की गयी है।

———————————————————————

भागलपुर जिले में भीषण गर्मी और लू के मद्देनजर सभी शिक्षण संस्थानों में आज सुबह साढ़े दस बजे से अपराह्न चार बजे तक पठन—पाठन का कार्य स्थगित रहेगा। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिये हैं।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा इंटरमीडिएट विशेष परीक्षा और इंटरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा— दो हजार चौबीस का आयोजन आज से होगा। यह परीक्षा ग्यारह मई तक चलेगी। परीक्षा संचालित करने के लिए राज्य में सत्तानवे केन्द्र बनाये गये हैं। इस परीक्षा में अड़तालीस हजार तीन सौ छियासी परीक्षार्थी हिस्सा लेंगे। इनमें से ग्यारह हजार अड़सठ परीक्षार्थी इंटरमीडिएट विशेष परीक्षा देंगे, जबकि शेष सैंतीस हजार तीन सौ अठारह परीक्षार्थी कम्पार्टमेंटल परीक्षा में शामिल होंगे।

———————————————————————

पटना जंक्शन के पास हुए होटल अग्निकांड में मृतकों की संख्या बढ़कर सात हो गयी है। कल हादसे में गंभीर रूप से झुलसी एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गयी। इधर, होटल संचालक अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। मामले में दो होटल संचालकों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

———————————————————————

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए राज्य के विभिन्न स्टेशनों से नई–दिल्ली, बांद्रा, उधना, सूरत और रतलाम समेत अन्य स्टेशनों के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का फैसला किया है। पूर्व मध्य रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार ये रेलगाड़ियां आज से दो मई तक चलेंगी।

———————————————————————

बिहार के खिलाड़ियों ने सड़सठवीं नेशनल स्कूल गेम्स रग्बी चैम्पियनशिप अंडर–सेवटिंन के बालक और बालिका वर्गों में जीत हासिल की है। दोनों ही वर्गों में राज्य के खिलाड़ियों ने फाईनल मुकाबले में पिछले चैम्पियन ओड़िशा को हराकर चैम्पियनशिप अपने नाम की।

———————————————————————

मुंगेर जिले के तारापुर प्रखंड के अफजलनगर खुदिया गांव में दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में राज्य के पहलवानों के साथ ही उत्तर प्रदेश और पड़ोसी देश नेपाल के पहलवानों ने भी हिस्सा लिया।

———————————————————————

अररिया जिले के जोगबनी चेकपोस्ट पर जोगबनी थाना पुलिस ने छप्पन ग्राम मादक पदार्थ के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, जिले के सीमावर्ती क्षेत्र सिकटी में पुलिस ने एक वाहन से छह सौ अड़तालीस लीटर विदेशी शराब बरामद की है।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने लोकसभा चुनावों और मौसम से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– तीसरे चरण की वोटिंग से पहले नये मुद्दे। राजा–महाराजा आरक्षण।

**हिन्दुस्तान** की प्रमुख खबर है– गोपालगंज में हादसा। पुलिस बसों में कंटेनर ने मारी टक्कर, तीन जवानों की मौत।

**प्रभात खबर** लिखता है– ईपीएफओ के सदस्यों का ब्याज अगले माह तक होगा ट्रांसफर।

**दैनिक जागरण** की बड़ी खबर है– विश्वकप में पुरूष तिरंदाजी टीम ने जीता ऐतिहासिक स्वर्ण। एक अन्य खबर में अखबार लिखता है– रात में भी सतायेगी गर्म हवा, दिन में ग्यारह से तीन बजे तक न निकले बाहर।

**आज** अखबार लिखता है– चार तक भरे जायेंगे सक्षमता परीक्षा के ऑनलाइन फार्म। **राष्ट्रीय सहारा** ने लिखा है– आरक्षण खत्म करने के दुष्प्रचार पर बोल संघ प्रमुख भागवत– संविधान से मिले हर आरक्षण का समर्थन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर..........

01. लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए आज अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू। इस चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों में चुनाव होंगे।

02. लोकसभा चुनाव के दौरान तीसरे और चौथे चरण के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज झंझारपुर और बेगूसराय में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

03. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में नाम वापसी का आज अंतिम दिन।

04. और, प्रदेश के अधिकांश इलाके भीषण गर्मी और लू की चपेट में। मौसम विभाग ने औरंगाबाद, दरभंगा, मोतिहारी, शेखपुरा, और खगड़िया समेत आठ जिलों में लू को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।